दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी




अपनी पृथ्वी को बनाएं.... जब धरती ने जगह बदलने की ठानी...

वर्ष : 12 | अंक : 115 | लखनऊ, 18 अप्रैल, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दो संगठनों के विवाद में जमकर हुआ पथराव

वाराणसी। यहां चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया में आंबेडकर व केशरिया झंडा उतारने को लेकर



दूसरे दिन भी बवाल हो गया। विवाद में जमकर पत्थरबाजी हुई। जिसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना का सिर फट गया। घायल एसीपी सारनाथ को तुरंत अस्पताल भेजा गया। पत्थरबाजी में 1 दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### शराबबंदी के नुकसान गिनाने लगे विधायक

पटना। नीतीश कुमार के सीएम पद से हटते ही शराबबंदी कानून पर शोर मचने लगा है। सरकार में



शामिल दलों के विधायक ही शराबबंदी से होने वाले नुकसान गिनाने लगे हैं। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के बाद जदयू के विधायक अनंत सिंह ने भी शराबबंदी को समाप्त करने की वकालत की है। कहा है कि शहर से गांव तक लोग शराब पी रहे हैं। इसलिए शराबबंदी कानून को हटाकर इसे चालू कर देना चाहिए।

### धनबाद में बिजली संकट पर भाजपा का हल्ला बोल

धनबाद। कोयलांचल धनबाद में भीषण गर्मी के बीच जारी अघोषित बिजली कटौती और बेतहाशा बढ़ते



बिल के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन छेड़ दिला है। शुक्रवार को भाजपा धनबाद महानगर एवं ग्रामीण जिला इकाई के तत्वावधान में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक और कार्यपालक अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

### कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी

बेंगलुरु। कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव



नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है।राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं।

### सीएम सम्राट को धमकी आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद। सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने



वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका के बेलहर का निवासी है। संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।

### शाह के पड़ोसी बने नीतीश, जेड प्लस सुरक्षा

नई दिल्ली। बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को नया आवास



मिल चुका है। वह अब सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 9 में रहेंगे। यह आलीशान सरकारी आवास है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

## मुख्यमंत्री योगी का कड़ा निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान 200 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील होने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# समस्याओं को लेकर जनता के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं अधिकारी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

शुक्रवार को दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी | गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान जमीन पर दिखना चाहिए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन भी जनता के बीच नज़र आए। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हर समस्या का होगा प्रभावी समाधान जरूरी



जनता दर्शन में पहुंचे करीब 200 लोगों के बीच खुद चलकर पहुंचे मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सबकी बातें सुनीं। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्र अपने हाथों में लिए और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा, "घबराइए मत, सरकार आपकी हर समस्या का प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराएगी।" मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या से जुड़ी किसी भी शिकायत पर केवल खानापूर्ति न की जाए, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान जमीन पर दिखना चाहिए।

### इलाज के लिए धन की नहीं होगी कमी

कार्यक्रम में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि धन के अभाव में किसी भी नागरिक का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज के लिए जरूरी 'इस्टीमेट' की प्रक्रिया को तेज किया जाए। सीएम ने कहा, "जैसे ही अस्पताल से इस्टीमेट प्राप्त हो, उसे शासन को भेजें, सरकार तत्काल बजट जारी करेगी।" उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को भी संबंधित अधिकारियों को हस्तगत करते हुए पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### आवास की समस्या पर त्वरित कार्रवाई

कुछ महिलाओं ने आवास न होने की व्यथा मुख्यमंत्री के सामने रखी। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी पात्र व्यक्ति किन्हीं कारणों से अब तक आवास की सुविधा से वंचित रह गए हैं, उनका सर्वे कर उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाया जाए।

## यूपी में युवाओं के लिए बड़ा कदम!

# सीसीसी की विशेष प्रशिक्षण दिलवाकर योगी सरकार देगी डेढ़ लाख युवाओं को स्वरोजगार

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स (सीसीसी) की विशेष ट्रेनिंग | युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के तहत प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें बैंकिंग प्रक्रिया में सक्षम बनाने के उद्देश्य से गोमतीनगर में सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स (सीसीसी) की विशेष ट्रेनिंग आयोजित की गई। पहले बैच में 50 जिलों और दूसरे बैच में 25 जिलों को शामिल किया गया है। यूपीकॉन के सभी कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे जमीनी स्तर पर युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद कुल 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर सीएम युवा योजना के तहत ऋण लेने वाले लाभार्थियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, दस्तावेजीकरण और प्रोजेक्ट तैयार करने में मदद करेंगे, जिससे युवाओं को आसानी से ऋण प्राप्त हो सके।

### काउंसलर्स निभाएंगे सेतु की भूमिका



यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों और बैंकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। वे न केवल उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, बल्कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वित्तीय विवरण और आवश्यक दस्तावेज़ तैयार करने में भी सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में क्रेडिट रेटिंग, सिबिल स्कोर और ग्रीन एवं नए प्रोजेक्ट्स के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ?सही वित्तीय योजना और बेहतर क्रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से युवा उद्यमी न केवल आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को भी सफल बना सकते हैं।

### रोजगार और वित्तीय समावेशन को मिलेगा बढ़ावा

यह पहल न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि अनुभवी पेशेवरों विशेषकर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। प्रदेश सरकार की यह पहल वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करते हुए एमएसएमई सेक्टर को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगी। आने वाले समय में यह मॉडल प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनेगा।

### एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा मजबूती का आधार

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। खास बात यह है कि यह सीसीसी कोर्स रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित है, जिसे प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर योजना आरबीआई की वित्तीय समावेशन समिति की सिफारिशों पर आधारित है। इसका उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें ऋण प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। इस ढांचे के अंतर्गत सिड़बी को एक्रीडिटिंग एजेंसी और इंप्लीमेंटिंग एंड रजिस्टरिंग अथॉरिटी की भूमिका दी गई है, जबकि आईआईबीएफ द्वारा इस कोर्स को विकसित किया गया है। यह सर्टिफिकेशन प्राप्त करना सीसीसी बनने के लिए अनिवार्य है।

## स्मृति ईरानी की अखिलेश को चुनौती

# अगर दम है तो गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,



महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद में छिड़ी बहस के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरान ने अखिलेश यादव के सास-बहू वाले तंज पर पलटवार करते हुए उन्हें चैलेंज कर दिया। शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाराणसी पहुंची स्मृति ईरान ने अखिलेश को चैंलेज करते हुए कहा, दम है तो वह गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं। स्मृति ईरानी ने कहा, विरासत की राजनीति करना आसान होता है। अगर इतना दम-खम रखते हैं तो अपनी पैतृक सीट छोड़कर गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं। हमने तो कामकाजी महिला होते हुए किसी और के गढ़ में परचम गाड़ा। कांग्रेस के अध्यक्ष को उनके गढ़ में हराया।

उन्होंने कहा, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करना स्पष्ट है। कामकाजी महिला पर टिप्पणी करना आसान होता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने खुद कभी नौकरी नहीं की। आप हम जैसे लोग भी टैक्स भरते हैं, इसलिए नहीं कि सदन में सास-बहू की बात हो। संसद जाकर संसदीय कार्यवाही पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी में उनका विपक्ष में रहना तय है। उन्होंने कहा, संसद में गृह मंत्री जी ने उठाए गए प्रश्नों का जवाब दिया है। विपक्ष को क्या संविधान पर विश्वास नहीं है? परिसीमन को लेकर विस्तार की मांग पहले विपक्ष की ही थी, अब सदन में कुछ और बोल रहे हैं। विपक्ष क्या रुख अपना रहा है, यह देश की जनता देख रही है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि भाजपा महिला आरक्षण विधेयक के बहाने 'नारी को नारा बनाने' की कोशिश कर रही है।अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए स्मृति ईरान पर तंज कस दिया था। उन्होंने भाजपा की पूर्व सांसद पर परोक्ष रूप से तंज कसते हुए कहा था, 'सास-बहू वाली तो हार गई हैं आपकी।

## निशिकांत ने बोला कांग्रेस पर बड़ा हमला, सोनिया का भी किया जिक्र

# 4 दशकों से कांग्रेस ने राजनीति की, मनमोहन ने ही तब जाति गणना का किया था भारी विरोध

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर संसद में चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस का इतिहास याद दिलाते हुए कई मुद्दे उठाए और पूर्ववर्ती सरकारों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण के मुद्दे पर चार दशकों से काफी राजनीति की जा रही है। दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि कांग्रेस के जो लीडर हैं उनका जो भाषण है वो एक शो जैसा था, जैसा कि माइकल जैक्सन का। उन्होंने कहा कि इसी दिन वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले को लेकर आरोप लगे थे, जिसने देश की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा किया था। 1998 की एक घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी टिप्पणी की।

### महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर आरोप-पलटवार




### राहुल साउथ में सीटों के नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार होंगे

दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को सरकार ने अधिसूचित किया है तो हम 543 सीटों के आधार पर इसे कल से ही लागू करने के लिए तैयार हैं। उन्हें सीटों का नुकसान होगा और इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार होंगे। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि जातिगणना कभी नहीं कराई जाएगी, चाहे उनकी सरकार रहे या न रहे।

### मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया

दुबे ने कहा कि ?मैं जब आज यहां आया तो मुझे लगा कि कांग्रेस के लीडर ऑफ अपोजिशन से माताओं-बहनों के बारे में सुनने को मिलेगा, लेकिन मुझे लगा कि मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया।

### सोनिया ने जाति गणना का विरोध किया था

दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी ने जाति गणना का विरोध किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तो साफ मना कर दिया था।

### विपक्ष का आरोप

### परिसीमन राजनीतिक नोटबंदी साबित होगा: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना, असल में नोटबंदी जैसा होगा।

### गिरगिट की तरह रंग बदल रही कांग्रेस: मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी नहीं सोता। अब गिरगिट जैसा रंग बदल रही है।

### जाति जनगणना टालने की कोशिश हो रही: अखिलेश



सपा सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया है कि केंद्र महिला आरक्षण और परिसीमन पर जाति गणना की मांग को टाल रही है।

### परिसीमन के जरिए खुद को सशक्त कर रही भाजपा



सपा सांसद डिंपल यादव ने आरोप लगाया भाजपा महिला आरक्षण का मुखौटा पहन सशक्त हो रही है।


### प्रधान ने कांग्रेस को घेरा

### परिसीमन को लेकर विपक्ष केवल आशंकाएं फैला रहा



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा आशंकाएं फैलाई जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रधान ने कहा कि परिसीमन की यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है। परिसीमन का उद्देश्य देश के संघीय ढांचे को मजबूत करना है। इसके जरिए देश में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव है।

### आपका तो कहने का मुंह ही नहीं : अनुप्रिया



केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की नेता अनुप्रिया पटेल एवं सपा के सांसदों के बीच नोकझोंक देखने को मिली। पटेल ने दावा किया कि सपा की सरकार ने यूपी में न तो जातीय गणना कराई और न ही जिस केंद्र सरकार को वह समर्थन दे रहे थे उनसे जातीय जनगणना करा पाए। पटेल ने सपा सांसदों को रोक टोक के बीच कहा कि आपका तो बोलने का मुंह ही नहीं है। पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने भी कहा- धर्मेंद्र जी बैठ जाइए।

## रिनिकी पासपोर्ट विवाद

# खेड़ा को 'फर्जी आधार' कार्ड पर फटकार, जमानत को असम जाएं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखी जबकि तुषार मेहता ने खेड़ा की याचिका का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल की अवधि मंगलवार तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि खेड़ा गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करें। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि गुवाहटी हाई कोर्ट, इस मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित न हो। फर्जी आधार कार्ड पेश करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। खेड़ा के मामले में अभिषेक मनु सिंघवी और तुषार मेहता के बीच तीखी बहस हुई।

### दस्तावेजों पर उठाए सवाल

सर्वोच्च अदालत में खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके द्वारा निवास प्रमाण के तौर पर लगाए गए दस्तावेजों पर सवाल उठाए। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जब पते को लेकर स्पष्टता नहीं है तो तेलंगाना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका क्यों दाखिल की गई।

## आप का सरकार से सवाल

# हमारे नेताओं के घर छापेमारी से कितनी राशि बरामद की गई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर एक जांच के तहत शुक्रवार को छापेमारी



शुरू की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि 3 दिन में ही ईडी ने पंजाब में आप के दो नेताओं के आवासों पर छापेमारी की है और इससे पहले भी मोदी सरकार द्वारा प्रायोजित ईडी की छापेमारी में हमारे सैकड़ों नेता प्रभावित हो चुके हैं। उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन छापों में वास्तव में कितनी धनराशि बरामद हुई। नेताओं के घरों से उन्हें आखिर क्या मिला? अदालतों में पहुंचने वाला हर मामला पूरी तरह से खारिज हो जाता है। आज तक एक भी बरामदगी नहीं हुई है।

## चोरों ने बन्द मकान का ताला तोड़कर कीमती सामान पर किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में चोरों ने गुरुवार शाम एक बन्द मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के खसरवारा गांव निवासी आनन्द कुमार के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे वह अपने परिवार के साथ अपनी भांजी के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। उनका कहना है कि वह 16 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे घर से निकले थे और रात लगभग 11:30 बजे घर लौटे। लेकिन घर पहुंचने पर घर के दरवाजों के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर सोने-चांदी के गहने, घरेलू बर्तन और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चोरी कर ले गए। बाद में पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## अस्पताल के डायरेटकर के साथ गाली गलौज मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक युवक को रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गोवर्धन एनक्लेव, वृंदावन पीजीआई निवासी अजय त्रिपाठी ने बताया कि वह वेल्सन मेडिसिटी अस्पताल में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार शाम करीब 8:40 बजे वह अपने साथियों ऋषभ यादव और कृष यादव के साथ अस्पताल जा रहे थे। आरोप है कि अस्पताल से कुछ दूरी पहले अंडरपास के पास मुकेश मिश्रा, संदीप शुक्ला और दो अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा उड़ने की कोशिश मत करो, नहीं तो किसी दिन ठिकाने लगा देंगे। किसी तरह अजय त्रिपाठी मौके से जान बचाकर निकल गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## हरी खाद को बढ़ावा देगी सरकार

लखनऊ। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उद्देश्य से राज्य सरकार खरीफ-2026 में हरी खाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधान भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए रणनीति को अंतिम रूप दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए 45 हजार कुंतल ढैंचा बीज का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा 20 हजार कुंतल बीज से तैयार चार लाख निःशुल्क मिनीकिट भी किसानों को दिए जाएंगे। प्रत्येक मिनीकिट में ढैंचा, मक्का, उर्द के साथ ग्वार, भिंडी, लोबिया और ज्वार के बीज शामिल होंगे।

# निगोहां प्रेस क्लब ने एसीपी को सौंपा ज्ञापन

## हॉस्पिटल में महिला की संदिग्ध मौत पर आक्रोश निगोहां प्रेस क्लब ने सख्त कार्रवाई की मांग....

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। राजधानी लखनऊ में अस्पताल की कथित लापरवाही से हुई एक महिला की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पत्रकार समुदाय खुलकर सामने आ गया निगोहां प्रेस क्लब ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कृष्णानगर क्षेत्र के एसीपी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ज्ञात हो कि पत्रकार धीरज तिवारी की बहन स्वर्गीय सीता दीक्षित की मौत हाल ही में बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई परिजनों का आरोप है कि यह घटना अस्पताल की लापरवाही का परिणाम जिसके चलते परिवार में भारी आक्रोश व्याप्त मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। वही निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी अध्यक्ष विमल सिंह चौहान सहित अन्य पत्रकारों ने एकजुट होकर कृष्णानगर के एसीपी रजनीश वर्मा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की जांच को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए प्रेस क्लब ने अपने ज्ञापन में कई अहम बिंदु उठाए जिनमें मृतका के इलाज की पूरी जानकारी घटना की सूचना समय पर न दिए जाने सीसीटीवी फुटेज की उपलब्धता संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका की गहन जांच शामिल क्लब का कहना कि जब तक इन सभी पहलुओं की पारदर्शी जांच नहीं होगी तब तक पीड़ित परिवार को न्याय मिलना संभव नहीं प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो पत्रकार समुदाय बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा उन्होंने इसे केवल एक परिवार का नहीं बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। इस मौके पर निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी अध्यक्ष विमल सिंह चौहान योगेंद्र तिवारी ललित दीक्षित मोईन खान अवनीश पांडे धीरज तिवारी शिवा मिश्रा रोहित तिवारी प्रशांत त्रिवेदी योगेश मिश्रा मोहम्मद नासिर विवेक कुमार अभिलाष दीक्षित सूरज तिवारी रोहित दीक्षित शक्ति तिवारी सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे वहीं एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है तथा जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी कि पीड़ित परिवार को समय रहते न्याय मिल पाता है या नहीं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला छात्र का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हाई स्कूल के एक छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मेमौरा छावनी रोड के सामने बनी-मोहनलालगंज रोड से नीवा जाने वाले रास्ते पर एयर फोर्स से रिटायर्ड रंजीत कुमार परिवार सहित रहते हैं। उनके बेटे जीत कुमार (16) ने बीते दिनों सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षा दी थी। इस परीक्षा फल में उसे कम नंबर मिले थे। जिस पर परिजनों ने उसे मोबाइल कम चलाने की हिदायत दी थी। इसी बात से नाराज जीत कुमार ने गुरुवार शाम घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद कर छत में लगे पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक गया। इस दौरान कमरे में अचानक कुछ गिरने से उसकी आवाज सुनाई पड़ने पर परिजन दौड़कर कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। लेकिन उन्होंने किसी तरह दरवाजे के पल्लों में हाथ डालकर दरवाजा खोला और अंदर गए तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आनन फानन जीत को नीचे उतारा और मेमौरा छावनी स्थित एयर फोर्स के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीनकी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक के हाई स्कूल रिजल्ट में कम नंबर आने के कारण परिजनों ने उसे डांट दिया था। जिससे नाराज होकर उसने आत्महत्या करने की बात पता चली है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## शराब पिलाकर महिला के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों शराब पिलाकर महिला के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित व्यक्ति के मुताबिक उसकी 35 वर्षीया पत्नी शराब पीने की आदी है। उसका कहना है कि वह अपने मन से अकेले ही अक्सर इधर-उधर आती जाती रहती है। पीड़ित का कहना है कि बीते 15 अप्रैल को सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा में वहीं की रहने वाले अभिमन्यु राजपूत उर्फ मन्ना ने उसकी पत्नी को दरोगा खेड़ा स्थित एक ढाबे पर शराब पिलाया और जब वह नशे में हो गयी तो पूरी रात वहीं रखकर उसके साथ दुराचार की घटना अंजाम दी। बाद में होश आने पर महिला ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित ने गुरुवार को सरोजनी नगर थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद मामला सही पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा सम्मान, समानता और सशक्त भागीदारी : केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । टाउन हाल, जिला पंचायत प्रयागराज में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 देश की महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम का पूर्ण क्रियान्वयन वर्ष 2029 तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता में लाने का कार्य देश की माताओं, बहनों, बुजुर्गों, गरीबों और किसानों ने किया है। श्री मौर्य ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के समता एवं न्याय के विचारों को साकार कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना के साथ सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संस्कृति और इतिहास में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि माताएं समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने पौराणिक एवं ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी में अपार शक्ति निहित है, जो असंभव को संभव बना सकती है। इस क्रम में उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान का भी उल्लेख किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में पारित होने वाला पहला महत्वपूर्ण कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम है, जो यह दशार्ता है कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं, क्योंकि सशक्त नारी के बिना सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। इस अवसर पर उन्होने बड़ी संख्या मे महिलाओ को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया ।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में किया जनता दर्शन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों के साथ आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

# नारी शक्ति के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, अटारी में भव्य आयोजन ने रचा इतिहास

## महिला आयोग सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करती संयोगिता सिंह चौहान व अन्य




नारी शक्ति सम्मान के तहत पंपलेट लेकर खड़ी महिलाएं

लखनऊ। शुक्रवार को नारी शक्ति के उत्सव का साक्षी बना, जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह चौहान द्वारा माल के अटारी में आयोजित भव्य कार्यक्रम उत्साह, उमंग और भावनाओं से सराबोर माहौल में संपन्न हुआ। चारों ओर महिलाओं का जोश, आत्मविश्वास और एकजुटता देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्य एवं अंजू प्रजापति की प्रेरणादायी उपस्थिति ने महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका के प्रति जागरूक किया। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंजू रस्तोगी तथा वन स्टॉप सेंटर से अर्चना सिंह की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक और गर्व का क्षण वह रहा, जब थाना माल की महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत नन्हीं बेटियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर, पुष्प वर्षा कर और मुस्कुराहटों के साथ अपनी खुशी साझा की—मानो पूरा वातावरण नारी सम्मान के रंग में रंग गया हो। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामपति, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रेमश्री सिंह, रोली सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। भारी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता ने इस आयोजन को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण के महोत्सव में बदल दिया। यह दिन महिलाओं के सम्मान, उनके संघर्ष, समर्पण और उनकी असीम शक्ति को समर्पित रहा एक ऐसा पल, जिसने हर दिल में गर्व और प्रेरणा की नई लौ जला दी।

## कैशियर ने मार्ट से उड़ाए 7 लाख रुपये, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। वृन्दावन योजना स्थित एक मार्ट में काम करने वाले कैशियर द्वारा करीब 7 लाख रुपये की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कर्मचारी ने लंबे समय तक ग्राहकों से प्राप्त नकद राशि को हड़पकर गलत हिसाब दिखाया और पकड़े जाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। वृन्दावन योजना सेक्टर-11 स्थित एजिया बोटेनिका अपार्टमेंट्स की निवासी बिन्दू देवी, जो सेक्टर-18 स्थित संस्कृति मार्ट (कहलो इम्पोरियम/गार्डेन सिटी) की प्रोपराइटर हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 8 अप्रैल 2025 को कुशीनगर निवासी आशीष कुमार को कैशियर के पद पर नियुक्त किया था। उसकी सिफारिश राहुल साहनी ने की थी, जो उनके यहां जीएसटी से संबंधित कार्य देखता है। प्रार्थिनी के अनुसार, आशीष कुमार को 9,000 रुपये मासिक वेतन और ओवरटाइम भत्ता दिया जाता था, जिसका भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जाता था। मार्ट में ग्राहकों से भुगतान नकद, यूपीआई और कार्ड के जरिए लिया जाता था। मामले का खुलासा तब हुआ जब 4 मार्च 2026 को बिन्दू देवी ने बैंक खाते का स्टेटमेंट चेक किया। जांच में सामने आया कि 3 मार्च की बिक्री में 36,343 रुपये यूपीआई से प्राप्त होने की जानकारी दी गई थी, जबकि बैंक खाते में केवल 24,340 रुपये ही आए थे। इसके बाद पूरे वर्ष का हिसाब जांचने पर पता चला कि आरोपी लगातार नकद राशि को यूपीआई भुगतान दिखाकर हड़पता रहा। शिकायत के मुताबिक, 8 अप्रैल 2025 से 5 मार्च 2026 के बीच आरोपी ने करीब 7 लाख रुपये की हेराफेरी कर ली। जब इस बारे में उससे पूछताछ की गई तो वह गाली-गलौज करने लगा और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने मार्ट में लगे सीसीटीवी के डीवीआर से भी छेड़छाड़ कर दी, जिससे रिकॉर्डिंग ठीक से नहीं मिल सकी। घटना के बाद से आरोपी मोबाइल बंद कर फरार है और काम पर भी नहीं लौट रहा है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एटीएम तोड़कर कैश चोरी करने का प्रयास करने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने बीते दिनों थाना क्षेत्र में एटीएम तोड़कर कैश चोरी करने का प्रयास करने वाले युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्बल, कटर और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक 11 अप्रैल 2026 के तड़के बंथरा के पहाड़पुर स्थित हिताची एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़ कर कैश चोरी करने का प्रयास किया गया था। इस संबंध में हिताची की फ्रेंचाइजी लेकर एटीएम बूथ संचालित करने वाले पहाड़पुर निवासी पीड़ित शौर्य श्रीवास्तव ने बंथरा थाने में मामला दर्ज कराया था। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के जरिए जांच की। जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत शेरशाह गांव निवासी गुलशन कुमार (21) पुत्र स्व. मैकू लाल गौतम के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में प्रेम विवाह किया था, जिससे नाराज होकर परिजनों ने उसे अलग कर दिया। वर्तमान में वह बंथरा के ग्राम उम्मेदखेड़ा में किराये पर रहकर बंथरा स्थित जोमैटो वेयरहाउस में टीम लीडर के रूप में कार्य करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के चलते करीब छह लाख रुपये के कर्ज में डूब गया था। कर्ज चुकाने के दबाव में उसने एटीएम तोड़कर पैसे चोरी करने की योजना बनाई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के वाजिदनगर पुलिया से हसनपुर मार्ग पर शुक्रवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक बेकाबू अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

मिली जानकारी के अनुसार, शाहपुर गोडवा निवासी परमेश्वर (26) अपने साथियों रजनीश (35) और राम (18) के साथ अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था, लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। वाजिदनगर पुलिया के पास हुआ हादसा बताया जा रहा है कि वाजिदनगर पुलिया के पास अचानक एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि परमेश्वर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फरार अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## बहला फुसलाकर नाबालिग को ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले एक शातिर युवक को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया पुलिस के अनुसार बीते बुधवार को एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि बीते रविवार की रात वह अपने परिवार के साथ दिव्यांशी ढाबा बंद पड़ा था रात करीब दो बजे जब उसकी नींद खुली तो उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री गायब थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो बीते सोमवार को एक परिचित ने बताया कि बख्तौरीखेड़ा निवासी सुभाष उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। इस सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस न मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया और उसी दिन शाम को आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे शुक्रवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक निमेश दूबे और कांस्टेबल अमरजीत शामिल रहे।

# संक्षेप

## अनियंत्रित बाइक पलटी दो युवक घायल




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गुरुवार रात एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनऊ मार्ग पर सुरसेनी गांव के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल युवकों की पहचान कन्नौज निवासी रामू (22) पुत्र शिवनंदन और उसके चचेरे भाई नन्हे (21) पुत्र महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वे कन्नौज से अयोध्या जा रहे थे। रामू अपनी शादी के लिए मिली बाइक वापस करने ससुराल जा रहा था, जिसकी शादी 20 अप्रैल को होनी थी। यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर सुरसेनी गांव के निकट हुई। हादसे के बाद डायल 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## आपसी बटवारा होने के बाद भी बटवारा न मानने का दिया प्रार्थना पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना अचलगंज के कोरारी खुर्द गांव निवासी समरवीर सिंह ने जिलाधिकारी , कप्तान को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की मेरा और मेरे दो अन्य भाई राजपाल सिंह , व ब्रजपाल सिंह से रिस्तेदातो व सभ्रांत लोगो के साथ बैठ कर तीन बार घर जमीन आदि का बंटवारा हो गया है ।मैं अपने हिस्से की जमीन पर रहने के लिये निर्माण करवा रहा था कि मेरे भाई ब्रजपाल उनकी पत्नी अल्पना तथा बच्चो रखी ,देवंसी ,गौरव सिंह ,ने गन्दी गन्दी गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और पुलिस बुला कर मेरा काम रुकवा दिया ये लोगजब भी हम कुछ निर्माण करवाना चाहते है तो फर्जी तरीके से जगह जगह शिकायत कर मेरा घर बनने नही दे रहे है ,और झूंठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए फर्जी तरीके से कई मुकदमो में हमको नामजद कर दिया , ब्रजपाल ।सिंह कहते है कि अपना हिस्सा मेरे नाम कर दो तभी गांव मेरहने देगे ।मैंने कई बार थाना अचलगंज , सी ओ बीघापुर को प्रार्थना पत्र दिया परन्तु मेरी कोई सुनवाई नही हुई थक हार कर आज जिलाधिकारी व कप्तान को प्रार्थनापत्र दिया है ,दोनों अधिकारियों ने न्याय दिलाने का भरोसा दिया है ।

## अनियंत्रित तीन वाहन आपस में टकराए दो घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के हाईवे पर केंद्रीय विद्यालय के सामने बने ओवर ब्रिज पर शुक्रवार सुबह 3.30 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे डंपर का अचानक एक टायर फट गया। जिससे तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर क्रास करता हुआ विपरीत दिशा में चला गया। जिसमें पीछे से एक डीसीएम टकराई फिर कानपुर से लखनऊ जा रहा दूसरा डंपर टकरा गया। घटना में दोनों डंपर डीसीएम बुरी तरह छतिग्रस्त हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक डंपर केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। एक डंपर ओवर ब्रिज पर बनी रेलिंग पर जाकर आधा लटक गया। मगर दोनों डंपर के चालक खलासी बाल बाल बच गए। लेकिन डीसीएम चालक उवेश पुत्र नबी अहमद खलासी वीरपाल पुत्र भूपराम निवासी बारीपुरा थाना शेरगढ़ जनपद बरेली मामूली रूप रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया तब जाकर पूरी तरह यातायात बहाल हुआ। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में डीसीएम के चालक परिचालक मामूली रूप से घायल हुए जिनका प्राथमिक उपचार करवा दिया गया इसके अलावा कोई घायल नहीं है। क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटा दिया गया यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार दोपहर को गेहूं काटने जाते समय हुई। फिरोजपुर रमई गांव निवासी 18 वर्षीय आशू पुत्र पिंटू अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत पर गेहूं की कटाई के लिए जा रहा था। हैदराबाद-नौहाई बुजुर्ग संपर्क मार्ग पर स्थित एक मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटते ही आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। आशू को तालाब से बाहर निकालकर मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. पंकज वर्मा उसका उपचार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को तालाब से बाहर निकाल लिया है।

## प्राइवेट बस में क्षमता से अधिक मिले यात्री किया गया बस को सीज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र में गुरुवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। झांसी से गोरखपुर जा रही एक प्राइवेट बस में क्षमता से कई गुना अधिक 131 यात्रियों को बैठाया गया था। 35 सीटों वाली इस बस के दो बार टायर फटे, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ गई। बाद में बस को सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बस उरई के पास पहुंची तो उसके ब्रेक फेल हो गए। चालक ने किसी तरह बस को नियंत्रित किया। इसके बाद उन्नाव सीमा में जाजमऊ पुल पर उतरते समय बस का एक टायर फट गया। इससे बस अनियंत्रित होकर डगमगा गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई ।चालक ने टायर बदलने के बाद बस को दोबारा रवाना किया, लेकिन नवाबगंज पहुंचते ही फिर एक टायर फट गया। इसके बाद यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। वे बस से उतरकर सड़क पर आ गए और हंगामा करने लगे, जिससे जाम की स्थिति बन गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें झांसी रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर इस प्राइवेट बस में बैठाया गया था ।प्रत्येक यात्री से करीब 1000 रुपये वसूले गए। उनका कहना था कि रोडवेज बस के नाम पर उन्हें धोखे से इस बस में भेजा गया, जिसमें न तो पर्याप्त सीटें थीं और न ही सुरक्षा के इंतजाम ।घटना के बाद यात्री करीब दो घंटे तक सड़क पर फंसे रहे। कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने पर उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे नवाबगंज चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने स्थिति संभाली और बस को सीज कर दिया। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए या उनसे लिया गया पैसा वापस किया जाए।

## अपनी मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ब्लॉक में ग्राम रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय सहित 9 सूत्रीय मांगो को लेकर ब्लॉक में नारेबाजी व धरना प्रदर्शन किया, प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को विकास खण्ड बीघापुर में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रामजी यादव व ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्दशंकर के नेतृत्व में दर्जनो ग्राम रोजगार सेवक ब्लॉक मुख्यालय धरना दिया। ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द शंकर ने बताया कि पूरे प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवक कलमबंद हड़ताल किये है ।मानदेय 10 महीने से 16 महीने तक का बकाया है ।ईपीएफ की धनराशि अभी तक खाते में नहीं जमा की गयी है जोकि बहुत बड़ी लापरवाही है। 2 मई को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 5 मई को लखनऊ में समस्त कार्यकारिणी की बैठक के बाद विधानसभा घेराव का कार्यक्रम निर्धारित होगा। ज्ञापन ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी मनोज यादव को दिया गया इस मौके प्रणाम शशिकांत शुक्ला, नारेन्द्र कुमार, रामसुंदर, योगेंद्र, कुलदीप, शिवलखन, अनीता, नीतू देवी, चंद्रिका प्रसाद, शिवनरेश, तकनीकी सहायको में विष्णु कुमार, राजेश बाजपेयी, अजय पटेल, सुरेश बाबू आदि उपस्थित रहे।

## मंगेतर का शव लटका देख घर लौटी युवती ने जहर खाकर मौत को लगाया गले

अमन लेखनी समाचार





उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र में मंगेतर का फंदे पर शव लटका देख घर लौटी युवती ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। जिसकी उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।मंगेतर का शव पहले से ही पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखा है। थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी संतोष की 21 वर्षीय पुत्री कोमल का विवाह गौरी त्रिभानपुर निवासी शिक्षा मित्र महेश के 25 वर्षीय पुत्र सूरज के साथ तय हुई थी दोनों की बीते 16 फरवरी को हसीं खुशी के बीच गोद भराई हो चुकी है ।शादी की तारीख अभी नही निकली है लेकिन नवंबर में विवाह होना तय था दोनों के बीच मोबाइल से घंटों बातचीत होती थी एक दिन पूर्व गुरुवार को मंगेतर सूरज ने गौरी त्रिभानपुर स्थित अपने घर के अंदर आंगन में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली थी जिसकी सूचना मिलने पर मंगेतर कोमल भी अपने माता पिता के साथ सूरज का शव देखने उसके गांव गई थी। वहां से वापस घर लौटने के बाद चुपचाप गेहूं में डालने वाली जहरीली दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन फानन उन्नाव स्थित एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया ।जहां उपचार के दौरान रात डेढ़ बजे उसकी भी मौत हो गई। परिजन रात में ही शव गांव ले आए। शुक्रवार सुबह मृतका के पिता ग्राम प्रधान के साथ थाने जाकर घटना की सूचना पुलिस को दी है ।बिथर चौकी के उपनिरीक्षक विनय कुमार विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।मृतका तीन बहन काजल,सुनैना और इकलौते भाई शिवम में सबसे बड़ी थी घटना के बाद से मां शिवकांती का रो रो कर बुरा हाल रहा।

## रसोइया के निधन पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बरदहा स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत रसोइया ममता देवी के आकस्मिक निधन पर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह व संरक्षक जयशंकर वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने दिवंगत के आवास पहुंचकर उनके पति मनोहर लाल को ?46,500 की सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों व कर्मियों ने परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## आम की डाल गिरने से घंटों थम गए वाहनों के पहिया

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बक्सर-बिहार मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इसके चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुमेरपुर स्थित बाबू जयशंकर इंटर कॉलेज के पास अचानक एक आम के पेड़ की भारी-भरकम डाल चलती ट्रक के इंजन और डाले के बीच जा फंसी। इस घटना के बाद मार्ग पर लगभग दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### दोपहर 3:20 बजे की घटना

जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 3:20 बजे की है। ट्रक चालक ने बताया कि मोड़ पर ट्रक को सुरक्षित किनारे (साइड) लेने के प्रयास के दौरान अचानक पेड़ की विशाल डाल टूटकर इंजन और डाले के बीच फंस गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि ट्रक को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

### पुलिस व स्थानीय लोगों ने मिलकर खुलवाया जाम

हादसे के तुरंत बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कटर और कुल्हाड़ी के जरिए पेड़ की फंसी हुई डाल को कटवाकर ट्रक से अलग किया। घंटों की मशक्कत के बाद सड़क से अवरोध हटाया गया और यातायात पुनः सुचारू हो सका।

### राहगीर रहे परेशान

भीषण गर्मी के बीच लगे इस जाम में दो किलोमीटर तक यात्री और वाहन चालक फंसे रहे। पुलिस की सक्रियता और स्थानीय युवाओं के सहयोग से करीब दो घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई।

## लापता किशोरी समेत तीन महिलाओं को पुलिस ने किया बरामद

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में पुलिस ने महिला एवं बालिका सुरक्षा संरक्षण अभियान के तहत चार लापता महिलाओं और किशोरियों को बरामद किया है। सभी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है, जबकि आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, माखी थाना क्षेत्र के एक गांव से 27 मार्च को एक 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी। उसके पिता ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी तरह, पावा चौकी क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय युवती के लापता होने की शिकायत दर्ज की गई थी। युवती रऊकरना बाजार गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। एक अन्य मामले में, एक विवाहिता की सास ने लखनऊ के विशाल विमल पर अपनी बहू को ले जाने का आरोप लगाया था। सास ने बताया कि उनका बेटा विदेश में है और बहू युवक के साथ चली गई थी। इसके अतिरिक्त, एक और शादीशुदा महिला के लापता होने की सूचना थी ।थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला एवं बालिका सुरक्षा व संरक्षण अभियान के तहत पिछले दो दिनों में कुल चार महिलाओं को बरामद किया गया है। उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## मारपीट की अलग अलग घटनाओं में दो युवक घायल



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पहली घटना सिर्स चेरी गांव की है। यहां के निवासी कमलेश (46) पुत्र सूबेदार ने शुक्रवार को पुलिस को सूचना दी कि गांव के ही तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने कमलेश को मियागंज सीएचसी पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कस्बा रसूलाबाद के मोहल्ला शास्त्री नगर में हुई। यहां बाबा मातादीन (57) पुत्र स्व. शिव प्रसाद ने अपने परिवार के तीन सदस्यों पर जमीनी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मातादीन को भी मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। इस संबंध में आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों की जांच कराई जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## प्राप्टी विवाद को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई पर किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के साहिला गांव में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक भाई ने अपने ही भाई पर हमला कर दिया। इस हमले में मोहम्मद सफीक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, साहिला निवासी मोहम्मद सफीक का अपने भाई के साथ लंबे समय से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते कहासुनी हुई और भाई ने सफीक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में सफीक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घायल मोहम्मद सफीक को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोटें हैं और उनकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। इस घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विवाद के दौरान हुई मारपीट और हमले को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है ।बिहार थाना पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस विवाद को सुलझाने के कई प्रयास किए गए थे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया और अंततः यह हिंसक रूप ले लिया। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने जानकारी दी कि तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के गम में विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के टीकर खुर्द गांव में शुक्रवार देर रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।गांव निवासी रानी (30) पत्नी मोहित ने अपने घर के कमरे में छज्जे से साड़ी के सहारे फांसी लगाई। परिजनों के अनुसार, विवाह के आठ वर्षों में उनके चार बच्चों की मृत्यु हो चुकी थी ।लगभग छह माह पहले जन्मी एक बच्ची भी जीवित नहीं बच सकी थी। इन घटनाओं के बाद से रानी मानसिक तनाव में रह रही थी ।देवर अमित ने बताया कि देर रात तक कोई हलचल न होने पर परिजनों को शक हुआ। कमरे में देखने पर रानी फंदे से लटकी मिली। उसे तुरंत नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।लगभग छह माह पहले जन्मी एक बच्ची भी जीवित नहीं बच सकी थी। इन घटनाओं के बाद से रानी मानसिक तनाव में रह रही थी ।देवर अमित ने बताया कि देर रात तक कोई हलचल न होने पर परिजनों को शक हुआ। कमरे में देखने पर रानी फंदे से लटकी मिली। उसे तुरंत नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने जानकारी दी कि मृतका के मायके पक्ष के लोग कर्नाटक में रहते हैं। पुलिस उनकी तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

## पब्लिक टॉयलेट में ताला न लगाने के निर्देश

### प्रमुख सचिव बोले- रोज खुलना चाहिए सामुदायिक शौचालय, साफ-सफाई रखें

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , ददरौल ब्लॉक स्थित सिसनई गांव में प्रमुख सचिव (नोडल अधिकारी) मनीष चौहान ने जनचौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और गांव में कराए गए निर्माण कार्यों की जानकारी ली। प्रमुख सचिव ने सामुदायिक शौचालयों को नियमित रूप से खुला रखने और उनमें ताला न लगाने के सख्त निर्देश दिए ।नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने जनचौपाल के दौरान गांव में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, स्वयं सहायता समूह ऋण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और संस्थागत प्रसव के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। उन्होंने लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के वास्तविक लाभ का फीडबैक लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सामुदायिक शौचालय हर समय खुले रहें और उनकी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में इन शौचालयों पर ताला नहीं लगाया जाना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे प्रमुख सचिव ने गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और सफाई के लिए रोस्टर बनाने को कहा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने एएनएम और आशा कार्यकताओं से जानकारी



ली। उन्हें गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए जनचौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सम्पादकीय

# बिहार : भाजपा के सामने बेहतर करने की चुनौती

बिहार में आखिरकार वह चिर अभिलषित क्षण आ ही गया, जब भाजपा पहली बार सत्ता की कुर्सी संभालने जा रही है। यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के लिए चुनौती खुद नीतीश कुमार ही होंगे, क्योंकि नीतीश ने पिछले 20 सालों में बिहार को जिस जंगलराज से निकाला और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया, वह भाजपा को लगातार चुनौती देता रहेगा। अब तक नीतीश के काम की तुलना लालू के जंगलराज से होती रही है और उनका थोड़ा सा काम ही बहुत आगे दिखता था, लेकिन अब भाजपा के काम की तुलना नीतीश के सुशासन से होगी। इसलिए अब भाजपा के सामने अच्छे को और बेहतर करने की चुनौती होगी। वहीं, जातिगत समीकरण खासकर कुर्मी समुदाय को साधना सबसे बड़ी चुनौती होगी। देखा जाए तो बिहार की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सत्ता की बागडोर संभालने जा रही है और सम्राट चौधरी के रूप में नया नेतृत्व सामने है। यह क्षण सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव के बदलने का भी है। अब तक भाजपा सहयोगी की भूमिका में थी, लेकिन अब उसे नेतृत्व करना है और यही उसकी सबसे बड़ी परीक्षा भी होगी। सबसे अहम बात यह है कि भाजपा की असली चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की विरासत है। भाजपा के सामने अब 'कम बुरा' नहीं, बल्कि 'बेहतर से भी बेहतर' साबित करने की चुनौती है। नीतीश कुमार के इस्तीफे और नई सरकार को समर्थन देने के बयान ने राजनीतिक संक्रमण को सहज बना दिया है, लेकिन इससे भाजपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सहयोगी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा में अपेक्षाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। अब जनता सिर्फ स्थिरता नहीं, बल्कि तेज़ और दिखने वाला विकास चाहती है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक निरंतरता और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की होगी। बिहार जैसे राज्य में जहां अभी भी बुनियादी ढांचे, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम बाकी हैं, वहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। एक और अहम पहलू है राजनीतिक परिपक्वता। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार की राजनीति केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और जमीनी संवेदनशीलता से भी संचालित होती है। यहां हर निर्णय का असर व्यापक सामाजिक ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में जल्दबाजी या अति-आत्मविश्वास नुकसानदेह हो सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्य के तालमेल का फायदा उठाने का यह उपयुक्त समय है। अगर सही रणनीति अपनाई जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बिहार नई छलांग लगा सकता है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता भी जरूरी होगी। इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि अब तुलना 'जंगलराज बनाम सुशासन' से आगे बढ़कर 'सुशासन बनाम बेहतर सुशासन' की होगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। अंततः, यह बदलाव भाजपा के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि वह अपनी नीतियों और नेतृत्व को साबित कर सके और परीक्षा इसलिए कि उसे पहले से स्थापित मानकों से ऊपर उठकर दिखाना होगा। अगर भाजपा इस कसौटी पर खरी उतरती है, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि बिहार के लिए भी एक नए युग की शुरुआत होगी। अगर वह अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो यही ऐतिहासिक मौका एक बड़ी राजनीतिक चुनौती में बदल सकता है।

## जनगणना

रमेश जायभाये



# 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी-जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण-देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है-एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेजी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो-और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

***कहानी शुरू होती है इतिहास से*** : भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी-पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

***अब आपकी बारी: खुद करें अपनी जनगणना!***- इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है-स्व-गणना (**Self-Enumeration**)।

अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच **https://se.census.gov.in** पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक **SE ID** प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह **ID** दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी-यानी बार-बार जानकारी देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है- देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

***स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया*** : इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक **GIS** आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है। एक महत्त्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है।

इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है-यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

***छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी*** : छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए।



## चिकित्सा सेवा

जेपी नड्डा

लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

# नवाचार की ओर बढ़ती औषधि रणनीति

भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है। लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटीबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है।

अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक



प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपायजीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।

सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगतिऔर बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न,विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी




संकलित

दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# नेपाल में नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ

नेपाल में मंगलवार को विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बैसाख 1, जिसे बैसाख संक्रांति भी कहा जाता है, विक्रम संवत (बीएस) कैलेंडर के वर्ष परिवर्तन का प्रतीक है, जो सौर गति पर आधारित सबसे प्राचीन कैलेंडरों में से एक है। इस अवसर पर लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।



## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले



खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियां विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है,

## ट्रेंड

### बिहार का विकास



सम्राट चौधरी के बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास का संकल्प और मजबूत होगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### अधिकारों का हनन



डॉ. आंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना भी दिया। आज कुछ ताकतें उनकी विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने के लिए सुनियोजित रूप से काम कर रही हैं, अधिकारों का हनन हो रहा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### वाटर एटीएम



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में आज शुरू किए गए इन वाटर एटीएम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगी। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 20 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### आंबेडकर ई-पुस्तकालय



राज्य के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 200 आंबेडकर ई-पुस्तकालयों और जयपुर में आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। यह पहल हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

## संक्षेप

### सब्जी दुकान में आग लगी

**लाखों का सामान जला, स्थानीय लोगों ने पाया काबू**

अमेठी , बाजार शुकुल थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में एक सब्जी की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई, जिससे हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी का है जहा पास के ही गांव रेवतीदास भटपुरवा के रहने वाले रोहित शर्मा की सब्जी की दुकान है ।बुधवार सुबह अचानक अज्ञात्त कारणों से सब्जी की दुकान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखी सब्जियां और अन्य सामग्री देखते ही देखते जलकर खाक हो गईं।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग पर काबू पाने से पहले ही काफी नुकसान हो चुका था ।बावजूद इसके कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी संदिग्ध बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता है, वहीं प्रशासन द्वारा मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

### एआरटीओ ने स्कूली वाहनों की जांच की

**गौरीगंज में सुरक्षा उपकरणों की पड़ताल, कमियां सुधारने के सख्त निर्देश**

अमेठी , स्कूलों के संचालन के साथ ही परिवहन विभाग सक्रिय हो गया है।इसी क्रम में एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता ने गौरीगंज के जामो रोड पर स्कूली वाहनों की औचक जांच की।इस दौरान उन्होंने कई वाहनों में पाई गई कमियों को तुरंत सुधारने के सख्त निर्देश दिए।दरअसल, स्कूलों के खुलने के बाद से ही बड़ी संख्या में स्कूली वाहनों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है।एआरटीओ पहले से ही विभिन्न स्कूलों में जाकर गाड़ियों की फिटनेस और वैधता की जांच कर रहे थे। अब वे सड़क पर उतरकर सुरक्षा उपकरणों की पड़ताल कर रहे हैं। आज की कार्रवाई में एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता ने गौरीगंज के जामो रोड पर आधा दर्जन से अधिक स्कूली वाहनों की जांच की। उन्होंने कई गाड़ियों से अनावश्यक हॉर्न हटाने, फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने तथा वाहन के अंदर से फालतू सामान हटाने के निर्देश दिए।

### युवती की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या

**घर से 50 मीटर दूर नहर में मिला शव, दुष्कर्म की आशंका**

अमेठी, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार सुबह घर से करीब 50 मीटर दूर नहर किनारे मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सुबह नहर की ओर गए कुछ ग्रामीणों ने शव देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी।युवती के गले पर धारदार हथियार के गहरे निशान मिले हैं। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# घाघरा घाट पर संजय सेतु 2 महीने के लिए बंद, प्रशासन ने शुरू कराया नया पीपा पुल

## हजारों लोगों को बड़ी राहत, आवागमन नहीं होगा प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।घाघरा घाट क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। संजय सेतु को मरम्मत कार्य के चलते आगामी दो महीने के लिए बंद कर दिया गया है। पुल बंद होने की सूचना के बाद लोगों में आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत नया पीपा पुल तैयार कराकर चालू करा दिया है।इससे अब आम जनता का आवागमन बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा।घाघरा घाट से होकर प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं।ऐसे में संजय सेतु बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता था, लेकिन प्रशासन ने समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था कर बड़ी राहत प्रदान की है।



### शाम 5 बजे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

शुक्रवार शाम करीब 5 बजे बहराइच के जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक बहराइच, कैसरगंज के जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह तथा एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पीपा पुल की मजबूती, सुरक्षा मानकों, यातायात व्यवस्था और तैनात कर्मचारियों की स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए और आवागमन पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाए।

### छोटी गाड़ियों के लिए राहत, भारी वाहनों पर रोक

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।इसी को ध्यान में रखते हुए पीपा पुल का निर्माण कराया गया है, ताकि बाइक, कार, ऑटो, ई-रिक्शा तथा अन्य छोटी गाड़ियों का आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे।उन्होंने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए बस, ट्रक, डीसीएम और अन्य भारी लोडेड वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे वाहनों के लिए अलग वैकल्पिक मार्ग तय

### 24 घंटे अलर्ट मोड पर प्रशासन

घाघरा घाट पर चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा एनडीआरएफ की टीमें चौबीसों घंटे तैनात रहेंगी। सभी कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग शिफ्टों में लगाई गई है, ताकि हर समय राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे ।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बचाव दल, एम्बुलेंस और प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार निगरानी करेंगे।

लोगों ने प्रशासन की सराहना की

स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समय रहते पीपा पुल शुरू नहीं कराया जाता तो क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता। प्रशासन की तेज कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है।

### दो महीने तक जारी रहेगी वैकल्पिक व्यवस्था

संजय सेतु पर मरम्मत कार्य पूरा होने तक यह पीपा पुल आम जनता के लिए मुख्य वैकल्पिक मार्ग बना रहेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।

# एडीआरएम ने नेपाल सीमावर्ती नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच।शुक्रवार को रेलवे प्रशासन की सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली, जब अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) भुवनेश सिंह ने भारत नेपाल सीमावर्ती नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। उनके साथ सहायक मंडल इंजीनियर अनिल यादव, रेलवे के कई अधिकारी-कर्मचारी तथा जीआरपी के जवान मौजूद रहे। एडीआरएम ने गोंडा से नेपालगंज रोड तक पड़ने वाले प्रमुख स्टेशनों–नानपारा, रिसिया, मटेरा और बहराइच–का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा लंबित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया ज्ञात हो कि हाल ही में



पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक द्वारा भी नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया था और शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। माना जा रहा है कि एडीआरएम का यह दौरा उन्हीं निदेर्शों के अनुपालन में चल रहे कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया।लगातार उच्च अधिकारियों के दौरे से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से जल्द ही ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकता है।लंबे समय से ट्रेन सेवा शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे स्थानीय लोगों में इस निरीक्षण को लेकर उत्साह देखा गया।

# गन्ने की उपज बढ़ाने हेतु पारले चीनी मिल ने किसानों के लिए शुरू की विशेष योजना

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।पारले चीनी मिल ने क्षेत्र के किसानों की गन्ने की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादों पर भारी छूट देने की घोषणा की है। मिल के उप मुख्य प्रबंधक (गन्ना) जगतार सिंह ने बताया कि पारले मिल क्षेत्र के किसानों की गन्ने की पैदावार अन्य मिलों के किसानों की तुलना में कम है, जिसका मुख्य कारण किसान भाइयों द्वारा पेड़ी प्रबंधन पर पर्याप्त ध्यान न देना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अधिक उत्पादन लेने के लिए सबसे पहले टूटों की कटाई हेतु आरएसएमडी मशीन का उपयोग करें, फसल को सूखने न दें, समय-समय पर सिंचाई करते रहें, 3-4 बार निराई-गुड़ाई या जुताई करें तथा खेत को साफ रखें।साथ ही 10 किलोग्राम प्रति बीघा यूरिया तीन बार डालने और 2-3 बार यूरिया स्प्रे करने की सलाह दी गई है।पारले चीनी मिल ने किसानों को राहत देते हुए बैटरी चालित डबल मोटर स्प्रे मशीन 50 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है।यह मशीन 2100 रुपये के स्थान पर मात्र 1050 रुपये में किसानों को दी जा रही है। इसके अलावा यूरिया स्प्रे के लिए 55 प्रतिशत अनुदान पर इफको एनपीके, एमिडा 100 मिलीलीटर, माइक्रोशक्ति 500 मिलीलीटर एवं हरित प्लस 500 ग्राम का पैक मात्र 500 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है।किसानों को सलाह दी गई है कि इसमें 4 किलोग्राम यूरिया मिलाकर 15-20 दिन के अंतराल पर 2-3 बार स्प्रे करें, जिससे अधिक वजन वाला गन्ना प्राप्त होगा।पारले चीनी मिल ने कहा कि वह हमेशा किसान हित में कार्य करती आई है और आगे भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# एसकेएस कॉलेज में फ्रेशर पार्टी आज, जूनियर्स का होगा भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार /संतोष मिश्रा

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सबलापुर (बहराइच) स्थित नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सीनियर छात्र-छात्राएं अपने जूनियर साथियों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।फ्रेशर पार्टी के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को संस्थान के वातावरण से परिचित कराना और आपसी समन्वय व सौहार्द को बढ़ावा देना है। साथ ही जूनियर छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा।?कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन डा. सर्वेश शुक्ला होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला एवं वर्षा शुक्ला उपस्थित रहेंगी।




बीएससी नर्सिंग चौथे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की गई हैं। स्टेज व गेट सजावट की जिम्मेदारी आयुषी मिश्रा,अलका, सौरभ व मुकेश ने संभाली है। इन्विटेशन कार्ड का कार्य सौम्या ओझा, नैबा, निशा, रोशनी व शुभा द्वारा किया गया है।फूड समिति में सौम्या शुक्ला, शिवम, वैशाली, हर्षित, नितेश, महेंद्र, आरुषी, विपिन, नितेश कुमार मौर्या, शताकाक्षी, शहरीन, दीप्ति, नंदिनी, मुस्कान, श्वेता, बबलू, मांशी, अंशिका, अर्चना व अंकिता शामिल हैं।इसके अलावा जीएनएम से पूजा, रोशनी, शाहीन, श्रेया व जूही तथा एएनएम से पूर्णिमा, शिप्रा, खुशबू व अंजू भी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।?कार्यक्रम को लेकर छात्रों में खासा उत्साह है और कॉलेज परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं।

# विशाल निःशुल्क हार्ट व हेल्थ चेकअप कैंप में 80 मरीजों का हुआ निःशुल्क परीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा के साकेत नगर स्थित लॉर्ड बुद्धा पी.जी. कॉलेज, परिसर में गुरुवार को आयोजित विशाल निःशुल्क हार्ट एवं हेल्थ चेकअप कैंप का सफलतापूर्वक समापन हो गया।विटाना एंड चन्द्रावती हॉस्पिटल, बहराइच के तत्वावधान में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के लगभग 80 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद यूनुस (कार्डियोलॉजी) द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान मरीजों का ब्लड प्रेशर (बी.पी.), शुगर, लिपिड प्रोफाइल एवं ई.सी.जी. परीक्षण निःशुल्क किया गया।साथ ही हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, सांस संबंधी समस्याओं तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया।सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मरीजों ने निःशुल्क जांच सुविधा का लाभ उठाते हुए विशेषज्ञ चिकित्सक से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की।शिविर में अस्पताल की ओर से आगे होने वाली विभिन्न जांचों एवं उपचार सेवाओं पर विशेष छूट की जानकारी भी दी गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके।शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एसएसबी रुपईडीहा ने मानव तस्करी प्रकरण में नाबालिग बालिका का किया रेसक्यू

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर।

रुपईडीहा, बहराइच।गिरीश चन्द्र पाण्डेय, कमांडेंट, 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच के सतत एवं कुशल पर्यवेक्षण में बीओपी रुपईडीहा की टीम द्वारा मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।संयुक्त चेकिंग के दौरान नेपाल से भारत आ रही एक नेपाली नाबालिग बालिका एवं एक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में रोका गया।पूछताछ के दौरान दोनों के बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर मामला मानव तस्करी से संबंधित प्रतीत हुआ।तत्पश्चात लगभग 15 वर्षीय बालिका का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया तथा 20 वर्षीय संदिग्ध



युवक को हिरासत में लिया गया। आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत बालिका को नेपाल स्थित संबंधित NGO को सुपुर्द किया गया, जबकि आरोपी युवक को आगे की विधिक कार्यवाही हेतु नेपाल पुलिस के हवाले किया गया।उक्त कार्यवाही सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी की रोकथाम हेतु सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# आग लगने के बाद कार से टकराई बाइक ,मां-बेटी की मौत

## जेएन मेडिकल कॉलेज में घायल युवक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ ,अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे पर दोपहर तीन बजे एक चलती बाइक में आग लग गई।हड़बड़ाहट में बाइक चला रहा युवक प्रशांत (18) नियंत्रण खो बैठा और बाइक आगे जा रहे कैंटर से टकराने के बाद सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को एंबुलेंस से जेएन मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। जहां पर देर रात उपचार के दौरान में प्रशांत की मां गुड्डी देवी (50) और बहन रूपेश (20) की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रशांत का उपचार चल रहा हैबहन का अल्ट्रासाउंड कराने जा रहा था युवकथाना जवां के गांव पिलौना निवासी प्रशांत पुत्र निर्मल सिंह मंगलवार को बाइक से बहन का अल्ट्रासाउंड कराने अलीगढ़ जा रहे थे। बाइक पर उनकी मां गुड्डी देवी



भी बैठी हुई थीं। कस्बा जवां के मुरादाबाद हाईवे पर स्थित बंबा के पुल पर पहुंचते ही बाइक से चिंगारी उठने लगी। प्रशांत को इसकी जानकारी बराबर से गुजर रहे दूसरे वाहन सवार ने दी। बाइक में आग की जानकारी मिलते ही प्रशांत ने हड़बड़ाहट में अचानक ब्रेक लगा दिया।इससे बाइक अनियंत्रित होकर कैंटर से टकराने के बाद छतारी की तरफ से आ रही कार से टकरा गई। कार से टकराने के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक धूझधूकर जलने लगी।

### घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया

हादसा होते ही वहां राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।इसी दौरान वहां एक 108 एंबुलेंस चालक पहुंच गया। वह एंबुलेंस में यूरिया डलवाने आया हुआ था।चालक ने सड़क पर तड़पते लोगों को देखते हुए बिना देरी किए तीनों को जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां देर रात इलाज के दौरान गुड्डी देवी और रूपेश की मौत हो गई।

### 26 अप्रैल को होनी थी बहन की शादी

निर्मल सिंह के तीन पुत्र व एक पुत्री है। बड़ा बेटे जितेंद्र की एक वर्ष पूर्व दुर्घटना में मौत हो गई थी। जितेंद्र का एक पुत्र तीन वर्ष व एक पुत्री छह माह की है।प्रशांत की बहन रूपेश की शादी 26 अप्रैल को गौरोली परला झाल के पास तय हो गई थी।परिवार वाले शादी की तैयारी में लगे हुए थे।

निर्मल के सबसे छोटे पुत्र चेतन की उम्र 12 वर्ष है।

# सपा का नारा लगाने पर छह लोगों का चालान

## जिलाध्यक्ष ने एसपी से की शिकायत, चौक कोतवाल पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर चौक कोतवाल के खिलाफ शिकायत की है।उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में आवंटित जमीन को नगर निगम द्वारा तोड़ा जा रहा था, जिसका विरोध करने और पार्टी के नारे लगाने पर पुलिस ने छह लोगों का चालान कर दिया। यह मामला गुरूवार को चौक कोतवाली क्षेत्र की मंडी में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य से जुड़ा है। जिलाध्यक्ष का दावा है कि मोहम्मदजई निवासी खालिद खां को जमीन के एक हिस्से पर रेत-बजरी का काम करने के लिए आवंटन मिला हुआ है।जब नगर निगम और प्रशासन की टीम ने इस जमीन को सड़क में मिलाने के लिए जेसीबी चलानी शुरू की, तो स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। सूचना मिलने पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां अपने कार्यकताओं के साथ मौके पर



पहुंचे। उनकी सहायक नगर आयुक्त से तीखी बहस हुई।इस दौरान तनवीर खां और उनके कार्यकताओं ने नारेबाजी की, जिसके बाद पुलिस से भी उनकी नोकझोंक हुई।पुलिस ने देर रात नारेबाजी करने और कार्य में बाधा डालने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया।कोतवाल का तर्क है कि उन्होंने एसडीएम और नगर निगम को कार्य नही करने दिया।इस कार्रवाई की सूचना मिलने पर शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष ने एसपी से मुलाकात की और कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार की शिकायत की।उन्होंने कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने पार्टी और अखिलेश यादव के समर्थन में नारे लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कोतवाल ने स्थानीय दुकानदारों को उनकी दुकानों से गिरफ्तार कर चालान किया, जबकि जिस जमीन को सड़क में मिलाया जा रहा है, उसका आवंटन है। उनका यह भी आरोप है कि नगर निगम बिना किसी नोटिस के अवैध रूप से इस जमीन को सड़क में मिला रही है।

# पट्टी में दहेज उत्पीड़न का केस

**विवाहिता बोली– ससुराल वालों ने मारपीट कर निकाला, इलाज न मिलने से बेटी की मौत**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पट्टी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने यह भी कहा है कि इलाज के अभाव में उसकी मासूम बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पीड़िता चंदन सरोज का विवाह 15 जून 2020 को उड़ैयाडीह गांव निवासी प्रेमचंद्र सरोज से हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के बाद वह ससुराल पक्ष के साथ मुंबई में रह रही थी। बुलेट और नकदी मांगने का आरोप विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल, डेढ़ लाख रुपये नकद, टीवी और वॉशिंग मशीन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था ।मारपीट कर घर से निकाला पीड़िता के मुताबिक, 19 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे पति, सास-ससुर, देवर और ननद ने उसके साथ मारपीट की ।इसके बाद उसे उसकी मासूम बेटी समेत मुंबई स्थित घर से निकाल दिया गया ।इलाज न मिलने से बेटी की मौत का आरोपपीड़िता रिश्तेदारों की मदद से अपने मायके भीखमपुर पहुंची। इस दौरान उसकी बेटी की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए बनारस ले जाया गया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण समुचित इलाज नहीं हो सका। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने इलाज में कोई मदद नहीं की, जिससे तीन दिन पहले बच्ची की मौत हो गई।

# दुष्कर्म-आईटी एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

## साइबर क्राइम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैजूपुर से पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस थाना को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने दुष्कर्म और आईटी एक्ट से जुड़े मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पकड़ा

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल एवं सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज के पर्यवेक्षण में की गई। थाना प्रभारी साइबर क्राइम प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि




संबंधित आरोपी कोहड़ौर स्टेशन जाने वाली सड़क से पूरे बैजूपुर गांव के तिराहे के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवकुमार पुत्र रामअभिलाष (उम्र करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई है।वह पुरे बैजूपुर का पूरवा रामापुर, थाना कोहड़ौर, जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है। आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 331(4), 351(2) बीएनएस तथा 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है ।गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीमइस गिरफ्तारी में निरीक्षक दिवाकर सिंह यादव, उपनिरीक्षक मु. अजहर खां, कांस्टेबल शिवम, कांस्टेबल हर्षदीप सिंह एवं चालक आरक्षी ज्वाला सिंह की अहम भूमिका रही।

## संक्षेप

### डीएम ने किसानों संग किया भोजन

**किसान दिवस के दौरान उनकी समस्याओं को सुना, सरकारी योजनाओं के लाभ बताए**

बागपत , विकास भवन में किसान दिवस कार्यक्रम के बाद एक अनूठी तस्वीर देखने को मिली। जिलाधिकारी (डीएम) अस्मिता लाल ने किसानों के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याओं को सीधे समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उठाया था। भोजन के समय डीएम अस्मिता लाल ने किसानों के साथ जमीन पर बैठकर सादगी से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने किसानों से खेती से जुड़ी चुनौतियों, सरकारी योजनाओं के लाभ और उनकी परेशानियों पर अनौपचारिक चर्चा की। किसानों ने भी अपनी बात खुलकर रखी। डीएम अस्मिता लाल ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। किसानों ने डीएम के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार प्रशासन और किसानों के बीच विश्वास को मजबूत करता है। इस पहल को जिले में एक सकारात्मक संदेश देने वाला माना जा रहा है।

### बहन पर जमीन हड़पने और मारपीट का आरोप

**पीड़िता ने किसान दिवस में न्याय की गुहार लगाई; डीएम ने जांच के आदेश दिए**

बागपत , खेकड़ा तहसील क्षेत्र से एक पारिवारिक जमीन विवाद का मामला सामने आया है। यहां फखरपुर गांव की निवासी निधि तेवतिया ने अपनी बड़ी बहन पर जमीन हड़पने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। निधि तेवतिया ने किसान दिवस में दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि वे आठ बहनें हैं और उनका कोई भाई नहीं है। उनके माता-पिता ने अपनी पूरी जमीन आठों बेटियों के नाम वसीयत कर दी थी। इस वसीयत में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि सभी बहनों की शादी के बाद जमीन को बराबर-बराबर हिस्सों में बांटा जाएगा। निधि का आरोप है कि उनकी बड़ी बहन ने इस वसीयत का उल्लंघन किया। उन्होंने तीन बीघा जमीन बेच दी और लगभग 12 बीघा जमीन दान पत्र के माध्यम से अपने बच्चों के नाम कर दी। जब निधि और अन्य बहनों ने इस पर आपत्ति जताई, तो बड़ी बहन ने उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने अधिकारियों को बताया कि वह लंबे समय से इस मामले में न्याय के लिए भटक रही हैं, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। इसी मजबूरी में उन्होंने किसान दिवस में पहुंचकर प्रशासन से इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुस्कान-साहिल कोर्ट में नहीं रख सके अपना पक्ष

**ऑनलाइन होनी थी पेशी, नहीं हुई सुनवाई, लगेगी अगली डेट**

मेरठ, चर्चित ब्लूड्रम सौरभ हत्याकांड में आरोपित सौरभ की पत्नी मुस्कान, प्रेमी साहिल के साथ आज कोर्ट में पेश नहीं हो सकी। आज बुधवार से इस केस में 313 की कार्रवाई शुरू होनी थी। इसके तहत दोनों आरोपितों को जिला जज के सामने कोर्ट में पेश होकर अपने ऊपर लगाए आरोपों के लिए अपना पक्ष रखना था।

# 5 साल की बच्ची जिंदा जली

**मां-बाप खेत पर काम करने गए थे, अचानक छप्पर में लगी आग, बड़ी बहन ने 4 को बचाया**

अमन लेखनी समाचार


सोना, मृतक

प्रयागराज, कच्चे घर के छप्पर में आग लगने से 5 साल की बच्ची जिंदा जल गई। हादसे के समय बड़ी बहन अपने साथ एक भाई और दो बहनों को लेकर भागी। जबकि 5 साल की सोना घर में ही सोती रह गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आसपास पानी की व्यवस्था न होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब तक आग बुझी, तब तक मासूम सोना की झुलसी हुई लाश छप्पर के अंदर मिली। घटना के दौरान मां-बाप खेत में काम करने गए थे। सूचना पर पहुंचे पति-पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसा गुरुवार दोपहर एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठगांव की है। फसल का बोझ बांधने गए थे पति-पत्नी राम सिंह रैदास अपने परिवार के साथ गांव की आबादी से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में घास-फूस और प्लास्टिक से बने छप्पर में रहते हैं। गुरुवार को वह पत्नी सीमा के साथ खेत में गेहूं की फसल का बोझ बांधने गए थे। घर पर उनके पांच बच्चे मौजूद थे।

### सो रही थी 5 साल की मासूम

दोपहर करीब तीन बजे अचानक छप्पर में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। आग लगते ही तीन बच्चे किसी तरह बाहर निकल आए। इनमें बड़ी बेटी शिवानी ने एक साल के मासूम अरुण को गोद में उठाकर बाहर निकाला। लेकिन 5 साल की सोना उस वक्त अंदर सो रही थी और बाहर नहीं निकल सकी।

### छप्पर के अंदर पड़ी मिली लाश

बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आसपास पानी की व्यवस्था न होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब तक आग बुझी, तब तक मासूम सोना की झुलसी हुई लाश छप्पर के अंदर मिली। हादसे में घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। छप्पर में बंधी दो बकरियों की मौत हो गई, जबकि एक भैंस झुलस गई। घटना की सूचना पर पहुंचे माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की आशंका

सचनासूचना पर पहुंची एयरपोर्ट थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

पुलिस के अनुसार आग लगने के

# अखिलेश मुसलमानों को वोट बैंक समझते हैं :केशव मौर्य

**संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , डिप्टी सीएम शुक्रवार को प्रयागराज में हैं। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2029 के लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाना है।

### कांग्रेस विरोध करेगी तो देश की महिलाएं ही दंडित करेंगी

डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में नए संसद भवन के विशेष सत्र में इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित कर महिलाओं को उनका अधिकार दिया है। उन्होंने कहा- ढट मोदी ने खुले मन से अपील की है कि यदि विपक्षी दल इस अधिनियम का श्रेय लेना चाहते हैं तो खुशी से लें, लेकिन नारी शक्ति के हक का विरोध न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस इसका विरोध करती है, तो देश की महिलाएं ही उसे दंडित करेंगी।

### किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं

नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन में 'पाकिस्तानी कनेक्शन और अर्बन नक्सल' की खबरों पर उपमुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा- सरकार ने इस मामले में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मौर्य ने उद्यमियों और श्रमिकों दोनों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। इसी दौरान, उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर दावा किया कि वहां पहली बार बड़े अंतर से 'कमल' खिलेगा और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

# ड्राई डे पर खूब बिकी शराब

**14 अप्रैल को सरकारी ठेके से बिक्री, आबकारी अधिकारी बोले- लाइसेंस निरस्त होगा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, 14 अप्रैल को ड्राई डे के बावजूद एक सरकारी शराब के ठेके से शराब बेचे जाने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। प्रशासन ने अनुज्ञापी के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने की बात कही है। 14 अप्रैल को शराब के ठेके बंद रखने का आदेश था, लेकिन इसके बावजूद सरकारी ठेके से शराब की बिक्री हुई। ड्राई डे पर शराब बेचना आबकारी अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। वीडियो सामने आने के बाद आबकारी विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।बेगमपुल चौकी से चंद कदमों की दूरी पर ठेकायह घटना बेगमपुल चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित एक सरकारी शराब के ठेके पर हुई। सेल्समैन ने ड्राई डे का फायदा उठाकर मनमाने दामों पर अवैध रूप से शराब बेची। स्थानीय लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।आसपास के दुकानदारों ने बताया कि बेगमपुल नाले के किनारे स्थित इस ठेके से अक्सर अवैध रूप से शराब की बिक्री होती है, यहां तक कि ठेका खुलने से पहले ही शराब बिकना शुरू हो जाती है। आरोप है कि इसी ठेके से अन्य स्थानों पर भी शराब की आपूर्ति की जाती है।सरकारी ही नहीं गली मोहल्लों समेत भैंसाली बस स्टैंड बना शराब का अड्डाकेवल सरकारी ठेके ही नहीं, बल्कि लाल कुर्ती, सदर बाजार, राजबन, मेडिकल और भैंसाली बस स्टैंड जैसे कई अन्य स्थानों पर भी अवैध रूप से शराब बेची गई। यह वहीं शराब तस्कर है।

जो पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं।

# नकाबपोश बदमाशों ने रिटायर्ड कर्नल पर जानलेवा हमला किया

**मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, कार सवार थे दो बदमाश; हथौड़े से हमला**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , गंगानगर थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड कर्नल पर कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। शोर सुनकर जैसे ही लोग उस तरफ बढ़े, बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पूरा मामला किसी मुकदमे की गवाही से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने रिटायर्ड डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहले एक नजर डालते हैं वारदात पर डिफेंस कॉलोनी शहर की प्रमुख पॉश कॉलोनी में से एक है। यहां रिटायर्ड कर्नल सुरेंद्र पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय आरएन सिंह रहते हैं। बुधवार को वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान कर सवार दो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर वहां से गुजर रहे लोग उस तरफ दौड़े। इसके बाद दोनों बदमाश जान से मारने की धमकी देकर अपनी कार से भाग निकलेकपड़े से ढका हुआ था बदमाशों ने चेहरादोनों बदमाश अपने चेहरे पर सफेद कपड़ा लपेटे हुए थे, ताकि कोई पहचान ना पाए। कार से उतरते ही उन्होंने सफेद रंग का कपड़ा रिटायर्ड कर्नल के गले में डाला और उन्हें जमीन पर गिरा लिया। एक हमलावर ने हाथ में लिए हथौड़े से उनके पैरों पर वार करने शुरू कर दिए। सिर पर वार करने का प्रयास किया, लेकिन रिटायर्ड कर्नल ने उसे रोक लिया। इस हमले में वह घायल हो गए। गवाही को लेकर किया गया हमला रिटायर्ड कर्नल सुरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उन पर हमला एक मुकदमे की गवाही को लेकर किया गया है। क्योंकि एक हमलावर उन पर इसी पर बोलते हुए हमला कर रहा था। दोनों के चेहरे पर कपड़ा ढका था, जिस कारण वह उनके चेहरे देख नहीं पाए। लेकिन अगर वह सामने आकर खड़े हो जाएंगे तो उनकी आवाज से होने जरूर पहचान लेंगे। पूरी रेकी के बाद किया गया हमला रिटायर्ड कर्नल पर यह हमला पूरी रेकी के बाद किया गया है। हमलावर यह जानते थे की सुरेंद्र पाल सिंह कितने बजे मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते हैं। संभवतः वह पहले ही घात लगाकर बैठे हुए थे। जैसे ही उन्होंने सुरेंद्र पाल सिंह को सुनसान जगह पर देखा, उन्हें गिरा लिया और उन पर हमला कर दिया। कर में तीन हमलावर मौजूद थे।

# किन्नरों ने युवक को पीटा



**बीच सड़क चप्पल से पिटाई का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। शाम से वायरल हो रहे 33 सेकंड के इस वीडियो में तीन किन्नर एक युवक को बीच सड़क पर चप्पलों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित एल ब्लॉक चौराहे की बताई जा रही है वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि युवक और किन्नरों के बीच किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इसके बाद तीनों किन्नरों ने मिलकर युवक की चप्पल से पिटाई शुरू कर दी। सड़क पर मौजूद लोग इस दौरान तमाशबीन बने रहे, जबकि किसी व्यक्ति ने पूरी घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। बताया जा रहा है कि घटना का वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया, जिसके बाद यह तेजी से फैल गया। हालांकि, मारपीट की वास्तविक वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है इस मामले में लोहिया नगर थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत (तहरीर) नहीं मिली है।

# 10 करोड़ रंगदारी मांगने वाला गिरोह पकड़ा गया

**महिला समेत 3 गिरफ्तार, सुंदर भाटी गैंग का नाम लेकर दी थी धमकी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , पुलिस ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक महिला सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया- स्वॉट टीम और इंदिरापुरम थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर इन आरोपियों को पकड़ा। यह मामला तब सामने आया, जब प्रॉपर्टी कारोबारी अर्पित गुप्ता ने गाजियाबाद पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। उन्होंने बताया- उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल कर खुद को कुख्यात सुंदर भाटी गैंग का सदस्य बताया गया। कॉल करने वाले ने उनसे 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 14 अप्रैल को इंदिरापुरम थाने में मामला दर्ज किया गया। 15 अप्रैल को पुलिस ने वेव सिटी इलाके से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया।पूछताछ में मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ रोबिन ने बताया- वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है और अर्पित गुप्ता को पहले से जानता था। उसकी साथी सविता उर्फ सवी चौधरी पहले अर्पित के कार्यालय में काम करती थी। नौकरी से निकाले जाने के बाद सविता ने बदला लेने की ठानी और रविंद्र के साथ मिलकर रंगदारी मांगने की साजिश रची। उन्होंने इस योजना में तुषार बैसौया को भी शामिल कर लिया जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इस पूरे षड्यंत्र की मुख्य सूत्रधार महिला आरोपी सविता उर्फ सवी चौधरी ही थी, जिसने पूरी योजना तैयार की थी। आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी सिम और मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग स्थानों से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए कई बार धमकी दी थी। पुलिस फिलहाल इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह का किसी बड़े आपराधिक गिरोह से कोई संबंध है या नहीं।

# पुलिस ने व्यापारियों की पदयात्रा रोकी

**सेंट्रल मार्केट प्रकरण में दिल्ली तक पैदल यात्रा की जिद पर अड़े, रोकने पर धमक्का-मुक्की हुई**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के समर्थन में पैदल न्याय यात्रा की शुरूआत करने पहुंचे हिंदूवादी नेता सचिन सिरोही को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकताओं की पुलिस से काफी धक्कामुक्की भी हुई। भारी पुलिस बल होने के कारण किसी की एक नहीं चली। पुलिस ने सचिन सिरोही व उनके कुछ कार्यकताओं को हिरासत में लेकर थाने भिजवा दिया। सचिन सिरोही अपने कार्यकताओं के साथ सुबह ठीक 10:00 सेंट्रल मार्केट स्थित 661/6 पर पहुंच गए। सभी कार्यकताओं के हाथ में स्लोगन लिखे बैनर थे। कार्यक्रम को लेकर पुलिस पहले ही सजग थी। जैसे ही सचिन सिरोही वहां पहुंचे पुलिस फोर्स ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। करीब आधा घंटे तक सचिन सिरोही वहां मौजूद रहे। ठीक 10:30 बजे वह कार्यकताओं के साथ चल दिए।इसी दौरान डिप्टी एसपी छकव प्रदीप कुमार, उड सिविल लाइन अभिषेक तिवारी फोर्स के साथ वहां आ गए और उन्हें रोक लिया। पुलिस ने सभी को रोक लिया। इस दौरान दोनों पक्षों में हल्की धक्कामुक्की भी हुई।

### व्यापारियों के लिए अमित शाह से दर्द बयान करेंगे

सचिन सिरोही ने पहले ही ऐलान किया था कि वह बुधवार को दिल्ली तक पदयात्रा करेंगे।इसके लिए मंगलवार की रात पुलिस सचिन सिरोही को ढूंढती रही लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर निकल गए। बुधवार को जब वह यात्रा शुरू करने निकले तो पुलिस ने रोक लिया। सचिन सिरोही ने कहा कि वह व्यापारियों के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। वह गृहमंत्री के सामने व्यापारियों का दर्द बयां करेंगे। पुलिस अफसरों ने सचिन को किसी भी दशा में वहां से आगे जाने से मना कर दिया। बातचीत शुरू हुई तो प्रशासनिक अफसर को बुलाकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। अउट सिविल लाइन प्रभाकर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया ज्ञापन में उन्होंने सेंट्रल मार्केट को बचाने के लिए जल्द से जल्द कानून बनाने की मांग की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में पैरवी के लिए भाजपा की ओर से बड़े वकील की व्यवस्था करने और अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल को गृहमंत्री से मिलवाने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपते ही पुलिस ने सचिन सिरोही और उनके एक पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह को हिरासत में ले लिया और प्राइवेट गाड़ी में बिठाकर थाने भेज दिया। अब पूरा मामला विस्तार से समझिएङ्ग दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेंट्रल मार्केट के 44 प्रतिष्ठानों को सील किया गया है। यह सभी आवासीय क्षेत्र में कमर्शियल गतिविधि के कारण सील किए गए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में ज्वेलर की आंखों में स्प्रे मारकर लूट

**बदमाश पांच सोने की अंगूठियां लेकर फरार, सीसीटीवी में कैद हुआ**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में एक ज्वेलरी शॉप पर लूट की घटना सामने आई है। एक बदमाश ने ज्वेलर की आंखों में स्प्रे मारकर पांच सोने की अंगूठियां लूट लीं और फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैयह घटना ग्रेटर नोएडा के कासना थानाक्षेत्र के कालीचरण मार्केट में स्थित शगुन ज्वेलर्स पर हुई। दुकान के मालिक हेम पाल वर्मा ने बताया कि 1 एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और लेडीज अंगूठियां दिखाने को कहा। वर्मा ने उसे सोने की पांच लेडीज अंगूठियां दिखाईं, जिन्हें उसने अपनी उंगलियों में पहन लिया।जब ज्वेलर ने अंगूठियां उतारने को कहा, तो आरोपी ने अपनी पत्नी को फोटो भेजने का बहाना बनाया। कुछ देर बाद उसने अपनी जेब से एक स्प्रे निकाला, उसे हेम पाल वर्मा की आंखों में मारा और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपी का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आंखों में जलन के कारण उसे दिखना बंद हो गया।पीड़ित ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है।

# ग्रेटर नोएडा में दबंगों ने स्कूल पर ताला जड़ा

**600 बच्चों का भविष्य अधर में, लीज एग्रीमेंट विवाद**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल पर दबंगों ने ताला जड़ दिया है। इस घटना के कारण स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 600 बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। स्कूल प्रबंधन ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है। स्कूल के प्रबंधक ओमपाल भाटी ने बताया कि उन्होंने करीब 10 साल पहले बिरोड़ी गांव के किरणपाल से 10 साल के लिए लीज एग्रीमेंट साइन किया था। इस दौरान उन्होंने किरणपाल को 25 लाख रुपये भी दिए थे। ओमपाल भाटी के अनुसार, उन्होंने कड़ी मेहनत से स्कूल चलाया और कुछ ही समय में छात्रों की संख्या 600 तक पहुंच गई। यह स्कूल नर्सरी से कक्षा 8 तक संचालित होता है।ओमपाल भाटी ने आरोप लगाया कि स्कूल दबंगों के घर के बिल्कुल बगल में स्थित है, जिसके कारण उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दबंग कभी पानी की टंकी बंद कर देते थे, जिससे बच्चों को पीने का पानी नहीं मिलता था।वे स्कूल परिसर में कुत्ते भी छोड़ देते थे, जिससे बच्चे डर जाते थे। इसके अलावा, स्कूल की महिला शिक्षकों को भी उनके द्वारा आपत्तिजनक संदेश भेजे जाते थे।

# नोएडा बवाल- आरजेडी की 2 महिला प्रवक्ताओं पर एफआईआर

**गलत विडियो पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का आरोप; 2 दिन बाद फैक्ट्रियां खुलीं, फोर्स तैनात**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा ,2 दिन हुए बवाल के बाद आज यानी फैक्ट्रियां खुल गई हैं। हालात सामान्य हैं। जगह-जगह फोर्स तैनात है। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। 16 कंपनी पीएसी लगाई गई है। नोएडा सेक्टर 63, 84, 85, 80, फेस 2 में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया। कंपनियों के बाहर सैलरी हाईक के नोटिस चस्पा किए गए हैं। हालांकि, कुछ कंपनियों में आज छुट्टी कर दी गई है। कंपनियों ने बाहर नोटिस चिपकाकर कर्मचारियों को बताया गया कि आज कंपनी बंद रहेगी। कल के लिए सूचना आपको पहले से ही दे दी जाएगी। इस बीच, नोएडा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में राजद की दो महिला प्रवक्ताओं कंचना यादव और प्रियंका भारती पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि दोनों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने की कोशिश की। कानून-व्यवस्था और पुलिस कर छवि खराब करने का प्रयास कियाअगर कोई आउटसोर्सिंग एजेंसी या उसका कर्मचारी गड़बड़ी या उपद्रव करता है तो उसकी जिम्मेदारी एजेंसी की भी होगी। ऐसी स्थिति में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। उसका लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।दरअसल, सैलरी बढ़ाने को लेकर सोमवार-मंगलवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने बवाल किया।

## संक्षेप

### सीबीएसई हाई स्कूल में लखनऊ पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम, कृति अव्वल

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में लखनऊ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कृति ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नमस्वी त्रिपाठी (97.4%), पर्व गुप्ता (96.8%), अविका गुप्ता (96.6%) सहित कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए। शिवांशी वर्मा, संस्कार पटेल व अभूदय यादव ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता पाई। प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### जिले में आयोजित हुआ नारी शक्ति सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। श्रीश चंद्र बारात घर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित ՙनारी शक्ति सम्मेलनՙ में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने महिला आरक्षण को देश की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पेश 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन 2026' महज एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक सामाजिक क्रांति है। लोकसभा और विधानसभाओं में ३३ प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को नीति निर्धारण के केंद्र में लाएगा। कहा कि जब आधी आबादी विधायी प्रक्रियाओं में निर्णय लेगी, तो शासन में अनुशासन और संवेदनशीलता बढ़ेगी, जिससे राष्ट्र को एक सशक्त और समावेशी आधार मिलेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कीर्ति सिंह ने एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अलका गुप्ता ने किया। वहीं सांडी में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने महिला आरक्षण और सशक्तिकरण पर महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नीतू चंद्रा ने किया।

# मोतीबाई राजाराम महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत भव्य कार्यक्रम

## छात्राओं ने निकाली पदयात्रा

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। मोतीबाई राजाराम महाविद्यालय (मऊरानीपुर रोड, गरौठा) में शुक्रवार को ՙनारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्य शिविर के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों और महाविद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने ठरर के बैनर तले एक विशाल पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने ՙनारी शक्ति वंदन अधिनियमՙ के प्रति जनजागरूकता फैलाते हुए महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों का संदेश दिया। इसके साथ ही महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं और शिक्षिकाओं ने व्हाइटबोर्ड पर हस्ताक्षर कर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। छात्राओं ने चित्रकला एवं पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से महिला शक्ति और उनके अधिकारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण मानव श्रृंखला रही, जिसमें छात्राओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नारी एकता, अखंडता और सामूहिक शक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजा भैया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी साधना तिवारी के नेतृत्व में सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। कार्यक्रम में शिक्षिका सोनम गुप्ता, रक्षा परिहार, शैलेंद्र पांचाल, राजीव द्विवेदी, आदित्य परिहार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने योग्य रहा। इस आयोजन ने न केवल ՙनारी शक्ति वंदन अधिनियमՙ के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ किया।

# बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

### प्रशासन ने कराया पुनः स्थापित, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



झांसी। जनपद झांसी के थाना चिरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करगुआं में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मोठ तहसील अध्यक्ष शेखर अहिरवार को टीम सहित मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे स्वयं भी एक घंटे के अंदर घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचकर भीम आर्मी पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी मोठ एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मोंठ को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमा का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त प्रतिमा को तत्काल पुनः स्थापित कराने की मांग की। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और शीघ्र ही नई प्रतिमा स्थापित करा दी। वहीं चिरगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर समाजवादी पार्टी के झांसी जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोषी लोगो की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

# विजय दिवस पर याद किए गए राजा नरपत सिंह, जमा हुए कई दिग्गज



### माधौगंज (हरदोई) अमर सेनानी राजा नरपति सिंह विजय दिवस समारोह में मंत्री जयवीर सिंह ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज में आयोजित अमर सेनानी राजा नरपति सिंह के विजय दिवस समारोह में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने परिसर में आम और बेल का पौधा भी रोपा। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजा नरपति सिंह का शौर्य और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा रुइया क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उन्नाव जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, हरदोई जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती, सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, विधायक आशीष सिंह आशु सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नागर में चौपाल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। बामौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नागर में ՙसरकार आपके द्वारՙ कार्यक्रम के अंतर्गत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीओ एग्रीकल्चर जनवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत नागर में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन संतोषजनक ढंग से हो रहा है और गांव में विकास कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही गांव में कई नई योजनाएं धरातल पर दिखाई देंगी, जिससे नागर गांव आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा। चौपाल के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित अलग -अलग स्टॉल लगाए गए जिनमें ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, वृद्धा व विधवा पेंशन के आवेदन जमा किए, फार्मर आईडी बनवाई तथा किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। इस मौके पर निशा गुप्ता (आंगनवाड़ी विभाग), कुमकुम उदैनिया (समाज कल्याण विभाग), अंबिका चौबे (एनआरएलएम विभाग), हेमा देवी, डॉ. गगन प्रकाश (स्वास्थ्य विभाग), लक्ष्मी (बैंक मित्र), शिखा यादव (लेखपाल), चंद्रशेखर विश्वकर्मा (कृषि विभाग), अरविंद कुमार (पंचायत विभाग), देवेन्द्र कुमार (ग्राम सचिव), राजेश कुमार (रोजगार सेवक), सुमन तिवारी (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), सावित्री (सहायिका), रजनी देवी (आंगनवाड़ी), जितेन्द्र कुमार (कृषि विभाग), हरि आर्य (पंचायत सहायक), सुधीर मोदी (अध्यापक), धनप्रसाद (शिक्षामित्र) सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 25 एकड़ फसल जलने से किसानों पर संकट, पूर्व विधायक बब्बू ने एक लाख की आर्थिक सहायता सौंपी

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। क्षेत्र के ग्राम पारा के रहने वाले किसानों के लिए उस समय बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई जब बिजली विभाग की लापवाही की वजह से लगी आग में लगभग 25 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में पप्पू सिंह उर्फ बलविंदर सिंह की 15 एकड़, कुलदीप सिंह की 4 एकड़, सुखबिंदर सिंह की 4 एकड़ और धनराज की सात बीघा फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से प्रभावित किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया और उन्हें ढांढस बंधाया। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को पूर्व विधायक ने अपने आवास पर सहायता के रूप में एक लाख रुपये का चेक प्रभावित किसानों को प्रदान किया। पूर्व विधायक आसिफ खां ने कहा कि किसानों की यह क्षति अत्यंत दुखद है और इस कठिन समय में हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति संभल सके। पीड़ित किसानों ने इस सहायता के लिए पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया और अमनदीप सिंह पुत्र बलविंदर सिंह ने बताया कि उनकी 15 एकड़ फसल 14 अप्रैल को लगभग दोपहर 11 बजे तार टूटने से लगी आग से बर्बाद होने से वे काफी हताश है। उन्होंने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद भी उनके खेत से निकली 440 वाट की लाइन की सप्लाई को बंद नहीं किया गया जिससे भारी क्षति हो गई। इस बड़े नुकसान से फसल बर्बाद होने से वे सभी आर्थिक रूप से काफी समस्या ग्रस्त है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे का उच्चाधिकारियों ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में प्रस्तावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर शुक्रवार को थाना मल्लावां क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेस-वे का उच्च स्तरीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान लखनऊ मंडल के मंडलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र, जिलाधिकारी हरदोई तथा पुलिस अधीक्षक हरदोई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वीवीआईपी कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, मार्गों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने की भी बात कही गई, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भी सक्रियता देखी गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे महत्वपूर्ण परियोजना स्थल पर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं उच्च मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएंगी।

# सोननदी में नहाने गये ट्रक चालक की डूबने से मौत, क्षेत्र में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाट के समीप सोननदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने गये एक ट्रक चालक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जितेन्द्र कुमार (35 वर्ष) पुत्र रामेश्वर, निवासी चाचीबार, फतेहपुर सीकर (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रक चालक था और माल ढुलाई का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार को उसका ट्रक मारकुंडी क्षेत्र में अचानक खराब हो गया था, जिसके चलते वह आवश्यक पार्ट्स खरीदने के लिए अपने दो साथियों के साथ चोपन के प्रीतनगर आया था। सामान खरीदने के बाद दोपहर के समय वह अपने साथियों के साथ छठ घाट के पास सोननदी में नहाने चला गया। नहाने के दौरान अचानक उसका चप्पल नदी के बहाव में बहने लगा। चप्पल को पकड़ने के प्रयास में जितेन्द्र आगे बढ़ गया और अनजाने में गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह तेज बहाव की चपेट में आ गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। कुछ ही क्षणों में जितेन्द्र नदी में लापता हो गया। साथियों द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग भी मौके पर जुट गए और घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। गोताखोरों द्वारा नदी में लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो सका था। घटना के बाद मृतक के साथियों का रो-रोकर बुरा हाल है, वही थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# हरदोई पुलिस की सख्ती और जागरूकता अभियान तेज, परेड निरीक्षण से लेकर मिशन शक्ति तक सक्रियता

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। जनपद पुलिस द्वारा एक ओर जहां पुलिस लाइन में अनुशासन और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण किया गया, वहीं दूसरी ओर मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक हरदोई ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान डायल-112, प्रशिक्षु आरक्षियों, क्वार्टर गार्ड तथा अर्दली रूम का भी बारीकी से जायजा लिया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शाहाबाद, क्षेत्राधिकारी बघौली एवं प्रतिसार निरीक्षक भी मौजूद रहे। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) के द्वितीय चरण के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने ग्राम कैथापुरवा मजरा सिंगोहा, कस्बा तेरवा, मोहल्ला काजीपुरा सहित अन्य स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुद्वारा इंटर कॉलेज के छात्राओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - क्षेत्र में सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुद्वारा इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात चारु द्विवेदी एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, हेल्पलाइन नंबरों एवं आत्मरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपनी बच्चियों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करें। इसी क्रम में एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह, लिपिक जितेंद्र सिंह, अध्यापक सैय्यदा सिद्दीकी सहित अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और ऐसे जागरूकता अभियानों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के अभियान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कांस्टेबल अंजली पाल व कांस्टेबल संदीप कुमार द्वारा कस्बा के जूनियर हाईस्कूल/प्राथमिक विद्यालय गरौठा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 108, 102, 1930 व 181 के बारे में विधिवत एवं विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें सुरक्षा व सहायता के लिए इन सेवाओं के उपयोग हेतु जागरूक किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत ककरवई में महिलाओं को किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। थाना ककरवई की एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा शुक्रवार को ग्राम ककरवई में जागरूकता अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक अंकुर राणा, उ0नि0 रनवीर व महिला कांस्टेबल प्रीति विश्वकर्मा ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 108, 102, 1930 व 181 की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्ध पेंशन, सुकन्या व उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। टीम ने साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का प्रयास किया। साथ ही महिलाओं को पिंक कार्ड भी वितरित किए गए।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

